This question paper contains **3** printed pages]

AN—264—2019

FACULTY OF ARTS

M.A. (Second Year) (Third Semester) EXAMINATION

MARCH/APRIL, 2019

HINDI

Paper XII

(दलित विमर्श, भाग 1)

(Monday, 29-4-2019) **Time : 2.00 p.m. to 5.00 p.m.**

Time—Three Hours *Maximum Marks*—75

N.B. :— (*i*) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(*ii*) दाहिनी ओर प्रश्नों के पूर्णांक दिए गए हैं।

1. ससंदर्भ व्याख्या कीजिए :

(अ) ''इंसानियत से बड़ा कोई हौदा नहीं होता और इंसानियत के काम आने से बढ़कर कोई धर्म नहीं।'' 10

अथवा

''इस पीड़ा का एहसास उन्हें कैसे होगा जिन्होंने घृणा और द्वेष की बारीक सुईयों का दर्द अपनी त्वचा पर कभी महसूस नहीं किया ? अपमान जिन्हें भोगना नहीं पड़ा ? वे अपमान बोध को कैसे जान पाएँगे ?''

(ब) ''साला चूहड़े, चमार कहीं के, तुम लोगों को सरकार ने साला बना लिया है। संविधान को लिखने वालों ने मनुवाद को पलट कर रख दिया। हरामज़ादों को मुफ्त की रोटी तोड़ने की आदत पड़ गई है।'' 10

अथवा

''अपनी ही शादी में दूल्हा घर-घर घूमे .... बुरी बात है .... बड़ी जातवालों के दूल्हे तो ऐसे कहीं नहीं जाते .... ये दुल्हन बरला जाकर ऐसे ही घर-घर जाएगी सलाम करने ....''

P.T.O.

B8DDC27F8159D352AC3F15298D3395CD

2. दलित साहित्य की अवधारणा को विस्तार से समझाइए। 15

अथवा

दलित साहित्य का विकासात्मक परिचय दीजिए।

3. ''‘छप्पर’ उपन्यास में दलितों के जीवन-संघर्ष और सामाजिक-आर्थिक शोषण को सशक्तता से उजागर किया गया है''—समीक्षा कीजिए। 15

अथवा

''‘जूठन’ दलित-जीवन की असहनीय पीड़ाएँ और अन्याय, अत्याचार से पिसते दलित समाज का दस्तावेज है''—स्पष्ट कीजिए।

4. टिप्पणियाँ लिखिए :

(अ) ‘छप्पर’ उपन्यास का चंदन; 5

अथवा

‘जूठन’ के शीर्षक की सार्थकता।

(आ) ‘करवा चौथ’ कहानी में व्यक्त स्त्री-जीवन; 5

अथवा

‘जूठन’ में अभिव्यक्त पीड़ा एवं आक्रोश।

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर **पंद्रह-बीस** पंक्तियों में लिखिए : 5

(*i*) सत्यप्रकाश की रचनाओं का मूल्यांकन कीजिए।

(*ii*) अछूतानंद हरिहर का जीवन परिचय दीजिए।

(*iii*) दलित साहित्य में गुरुचरण सिंह के योगदान को स्पष्ट कीजिए।

(*iv*) अरुणकुमार का साहित्यिक परिचय दीजिए।

B8DDC27F8159D352AC3F15298D3395CD

6. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक पूर्ण वाक्य में लिखिए : 5

(*i*) 'एक और नीलामी' के लेखक कौन हैं ?

(*ii*) सन् 1925 से 1932 तक 'आदि हिंदू' मासिक पत्रिका का प्रकाशन किसने किया था ?

(*iii*) 'डूब जाती है नदी' यह किसकी रचना है ?

(*iv*) अरुणकुमार का जन्म कहाँ हुआ ?

(*v*) 'डॉ. अंबेडकर बौद्ध क्यों बने ?' के लेखक कौन हैं ?

(आ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 5

(*i*) 'उदास अल्फाज़' यह .... का गजल संग्रह है।

(*ii*) गुरुचरण सिंह का जन्म .... प्रदेश में हुआ।

(*iii*) 'मनुस्मृति : प्रतिक्रांति का धर्मशास्त्र' यह .... की रचना है।

(*iv*) स्वामी अछूतानंद हरिहर के बचपन नाम .... था।

(*v*) अरुणकुमार का जन्म .... इ.स. में हुआ।

B8DDC27F8159D352AC3F15298D3395CD